# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

**स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित आकांक्षा केन्द्र में नामांकन हेतु प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण सूचना**

**विज्ञप्ति संख्या - 15/2019**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के पत्रांक 867 दिनांक 26.03.2018 द्वारा दिए गए निदेश एवं परिषद् द्वारा ज्ञापित अधिसूचना संख्या JAC/1355/18-2087/2017 दिनांक 25.05.2018 के आलोक में भारत सरकार/राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त सरकारी/निजी इंजीनियरिंग एवं मेडिकल महाविद्यालयों में प्रवेश की तैयारी हेतु झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित आकांक्षा केन्द्रों में नामांकन के लिए प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता परीक्षा में अभ्यर्थियों की मेधा सूची में से योग्यता के आधार पर प्रमण्डल एवं राज्य स्तर पर आकांक्षा केन्द्र के संचालन के संबंध में राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया जायेगा।

झारखण्ड अधिविद्य परिषद् द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2019 की परीक्षा में सम्मिलित होनेवाले सभी छात्र/छात्राएँ इस प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र होगें।

आरक्षित कोटि के अभ्यर्थियों को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा घोषित सक्षम प्राधिकार (अनुमण्डल पदाधिकारी) द्वारा निर्गत आरक्षण कोटि/जाति प्रमाण–पत्र तथा दिव्यांग कोटि के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा। अनुपलब्धता की स्थिति में वे आवेदन जमा कर सकते हैं, परन्तु नामांकन के समय उन्हें मूल रूप से या सत्यापित प्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में उनका अभ्यर्थित्व सामान्य कोटि का माना जाएगा। किसी भी परिस्थिति में आवेदन में भरे गए कोटि में परिवर्तन का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा।

2) परीक्षा आवेदन प्रपत्र निम्न कार्यक्रम के अनुसार भरा जाएगा।

| क्र. | कार्यक्रम | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 01. | ऑनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने की तिथि | दिनांक 18.02.2019 से 02.03.2019 तक |
| 02. | ऑनलाइन भरे गये आवेदन का प्रिन्ट एवं अन्य दस्तावेज जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में जमा करने की तिथि | दिनांक 19.02.2019 से 05.03.2019 तक |

3) ऑनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र तथा परीक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी परिषद् के वेबसाइट **www.jac.jharkhand.gov.in** पर उपलब्ध है।

**अध्यक्ष के आदेश से,**

**ह./- सचिव,**

**झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।**

JAC/1355/18-SECY/146/19
Dt. 17.02.19
D.O.P: 18.02.19